## एक नजर में

### जननायक नंदकुमारसिंह चौहान की जयंती पर लगेगा स्वास्थ्य शिविर



**समाजसेवा की राह पर फिर बढ़े कदम, 8 सितंबर को शाहपुर में होगा आयोजन।**

**बुरहानपुर।** निमाड़ के जननायक और पूर्व सांसद स्व.नंदकुमार सिंह चौहान की जयंती अवसर पर इस साल भी समाजसेवा का संकल्प लिया गया है। उनकी स्मृति में 8 सितंबर को शाहपुर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में आमजन को स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधाएँ दी जाएँगी। एमडी डॉ.अखिलेश जैन और डॉ. विवेक प्रताप सिंह सहित विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएँ देंगे। शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना है। कार्यक्रम संयोजकों ने कहा कि स्वण् चौहान का पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित था। उनकी जयंती पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं। स्व.चौहान के पुत्र हर्षवर्धन सिंह चौहान ने आमजन से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ लेने की अपील की।

### शिक्षक दिवस पर अपने गुरु का किया सम्मान



**बुरहानपुर ।** शिक्षक दिवस पर अपने गुरु के सम्मान के लिए जिन्होंने कई साल शिवाजी कर अपने बच्चों को इससे कोई डॉक्टर किसी को वकील किसी को बिजनेसमैन बनाया कैसे हमारे  जवाहरलाल पाटीदार पाटीदार कॉलोनी का सम्मान दिनेश भाई पाटीदार ,संतोष भाई श्रॉफ,अनूप भाई तारकश, लालू मास्टर ,प्रफुल्ल श्रॉफ , सूर्यकांत दलाल ने उनके घर पर जाकर साल श्री फ्ल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया।

### नारी के सम्मान की रक्षाऔर अपनी आत्मा के उत्थान का नाम है ब्रह्मचर्य व्रत : प्रो . सुरेन्द्र जैन भारती



**बुरहानपुर।** जैन समाज में दिगंबर जैन समाज के द्वारा मनाया जा रहे दसलक्षण महापर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा,आराधना की गईण्उत्तम ब्रह्मचर्य की चर्चा करते हुए अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन विद्वत्परिषद् के उपाध्यक्ष कर्मयोगी प्रोफेसर सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि जैन धर्म में ब्रह्मचर्य की साधना का बहुत महत्व है। हमारे पांच तीर्थंकरों ने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन कर संसार को संदेश दिया कि अपने जीवन को ब्रह्मचर्य के आधार पर परमात्म पद के योग्य बनाया जा सकता है,वास्तव में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म नारी के सम्मान की रक्षा और आत्मा के उत्थान का व्रत है,जो व्यक्ति जैन धर्म सम्मत ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करता है वह मातृ शक्ति के विरुद्ध कभी अपराध नहीं कर सकता। समाज में मातृ शक्ति का संरक्षण होना आवश्यक है,परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से सांगानेर में संस्थापित श्रमण संस्कृति संस्थान से प्रवचनार्थ पधारीं विदुषी सृष्टि जैन,आशिका जैन,दीपाली जैन, मिनी जैन ने लगातार 10 दिन तक धर्म के दसलक्षणों की व्याख्या की तथा दानए पूजाए शील और उपवास के महत्व को प्रतिपादित कियाण्जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान में विदुषी सृष्टि जैन एवं आशिका जैन ने कहा कि हमें वह कार्य करना चाहिए जो हमारे गुरु ने बताया है और जिससे हमारे माता .पिता का मस्तक गर्व से ऊंचा होता है। विदुषी बहिनों को प्रोण् सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा लिखित सात पुस्तकों का सैट भेंटकर  डा.वीरेन्द्र निर्झर, राजेश चान्दमल जैन, विमल जैन पाटनी ने सम्मानित किया। यह जानकारी पंकज कासलीवाल ने दी।

### गणेशोत्सव . अनंत चतुर्थी पर निकली शोभायात्रा, ताप्ती नदी में विसर्जित की गई प्रतिमाएं



**नेपानगर।** क्षेत्र में गणेशोत्सव का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। 10 दिनों गणेश पांडालों, घरों में विराजित गणेशजी की प्रतिमाओं की आरतीए पूजा हुई। अनंत चतुर्थी पर शनिवार को प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ताप्ती नदी के राजघाट,मसक क्षेत्र,पांधार नदी में प्रतिमा विसर्जन हुआ। प्रमुख विसर्जन ताप्ती नदी के छोटे पुल पर किया गया। यहां दोपहर 3 बजे से प्रतिमाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। शहर में 20 से अधिक स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। नेपानगरए सीवलए डाभियाखेड़ाए नावराए सातपायरीए अंबाड़ाए सारोला सहित अन्य गांवों से भी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए ले जाई गई।

**घर में किया प्रतिमा विसर्जन:**–मातापुर में राजेंद्र शाह ने अपने घर में मिट्टी से निर्मित गणेशजी की प्रतिमा विराजित की। 10 दिन तक लगातार पूजाए अर्चना का दौर चला और आखिरी दिन अनत चतुर्थी पर घर पर ही प्रतिमा का विसर्जन किया गया। उन्होंने कहा समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए ईक्रो फ्रेंडली प्रतिमा विराजित कर घर में ही उसका विसर्जन किया गया।

**सातपायरी आवासीय विद्यालय में हुआ पूजन:**–अनंत चतुर्थी पर सातपायरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अनंत चतुर्थी पर शिक्षकए विद्यार्थियों ने गणेशजी की पूजाए अर्चना की। यहां 10 दिन तक प्रतिदिन आयोजन हुए। शनिवार को शोभायात्रा निकाली गई। गायत्री शक्तिपीठ नेपानगर के पंडित गजानन यादव व पंडित मनोज चौरे ने विधि विधान के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। 10 दिनों तक विद्यालय परिसर में गणेशजी के भक्ति गीतए आरती और सांस्कृतिक नृत्य आदि का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### परिवहन विभाग का वाहन ब्रेक फैल होने से पलटा



**ईच्छापूर।** शनिवार दोपहर दो बजे के लगभग परिवहन विभाग के कर्मचारी श्री गणेश जी के भंडारे पर जा रहे थे , रास्ते में ही ब्रेक फेल होने पर चालक का संतुलन बिगड गया और वाहन केली के खेत में पलटी खा गया। जिससेचार, पाँच महीलाए जो खेत से काम कर वापस आ रही थी उनमे से तीन महीलाओ को मामुली सी चोट लगने से घायल हो गई। इस घटना में चालक और कुछ कर्मचारी बाल बाल बचे।

# मॉ ताप्ती के तट पर श्रीगणेशजी का शुभ मुहूर्त पर विसर्जन शुरू







**नवभारत न्यूज़,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में अनंत चतुर्थी पर शनिवार दोपहर 2 बजे से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया। यह कार्यक्रम शुभ मूहुर्त देखकर विधी विधान पुर्वक पुजा आरती एवं अर्चनाकर किया जाने लगा। श्री गणेशजी की मुर्तियों का विसर्जन 7 सितंबर रविवार को चन्द्र ग्रहण होने से सोमवार को भी किया जावेगा। विसर्जन के लिए ताप्ती नदी के राजघाट और हतनूर पुल पर विशेष व्यवस्था की गई है। मोहना संगम एवं बोहरडा में छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इस वर्ष अधिकतर स्थानों पर मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। बडी मुर्तिया सांमवार को विसर्जीत होगी।

नगर निगम सहायक आयुक्त स्वर्णिमा वर्मा के अनुसार ताप्ती नदी में पानी अधिक होने के कारण सुरक्षा के लिए तख्त और बेरीकेड्स लगाए गए हैं। श्रद्धालु तख्त पर पूजन के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन कर रहे हैं। जिले में कुल 792 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह.शाम आरती की गई। साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कुछ गणेश मंडलों ने विशेष झांकियां भी तैयार की थीं।

**7 सितंबर को चन्द्र ग्रहण होने से 8 सितंबरको होगा बडी संख्या में बड़ी मूर्तियों का विसर्जन**

**ग्राम इच्छापुर में श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन :**– अनंत चतुर्दशी पर ग्राम इच्छापूर में सभी सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा आरती करके विसर्जन किया गया। दस दिनो तक चले इस गणेश उत्सव का शनिवार को शांतिपूर्वक देर रात तक विसर्जन किया गया। विशाल मुर्तीयों में शिवाजी मित्र मंडल, अमर ज्योती गणेश मंडल ,हनुमान गणेश मंडल, महात्मा ज्योती फूले गणेश मंडल ,सरपंच प्रतिनिधी मनोज पवार के निवास का गणेश जी की मुर्तीयों का विसर्जन किया गया।

**पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में फोर्स हुआ फॉलिंग :**– जिले भर में लगाए गए पुलिस के फिक्स्स पिकेट्स मोहर्रम ,कानून व्यवस्था ड्यूटी मैं थाना क्षेत्र में 16 मोबाइल पार्टीया, 20 मोटर साइकिल पार्टीया,05 रिज़र्व पार्टीया कुल 450 पुलिस कर्मी रहेंगे ड्यूटी पर तैनात7 पुलिस अधीक्षक द्वारा फोर्स को ब्रीफ कर कर्तव्य स्थलों पर किया गया रवाना, अनंत चतुर्थी गणेश विसर्जन चल समारोह में सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे से की जाएगी निगरानी असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की निगाह। पुलिस की टेक्निकल टीम की सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी। कानून व्यवस्था बिगड़ने वाले हुड़दंगीयो पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए सख्त निर्देश। समस्त फोर्स को ब्रीफिग दौरान एंटी राईट ड्रिल सामग्री,रखने हेतु निर्देशित किया गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूमए 112 डायल कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर प्रभारी को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। ईद मिलादुन्नबी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा फोर्स को शुभकामनाएं दी गई। पुलिस अधीक्षक हमारी पहली प्राथमिकता शहर में शांति और सुरक्षा एवं लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना है। दिनांक 06,07अगस्त 2025 को जिला बुरहानपुर में अनंत चतुर्थी ;गणेश विसर्ज त्योहार कानून व्यवस्था ड्यूटी के चलते पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में फोर्स को फॉलिंग किया गया।

**पुलिस अधिकारीयों की हर स्थिति पर नजर:**– नजरपुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा समस्त फोर्स को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया एवं ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, समस्त फोर्स को एंटी राईट ड्रिल सामग्री,रखने हेतु निर्देशित किया गया ब्रीफिंग के पश्चात फोर्स को ड्यूटी प्रमाण पत्र वितरित कर अपने.अपने ड्यूटी स्थल पर रवाना किया गया।

ब्रीफिंग दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ,डीएसपी प्रीतम सिंह ठाकुर ,डीएसपी उमेश तिवारी,निरीक्षक टीकमचंद शिंदे, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित ,यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल,थाना प्रभारी कोतवाली, शिकारपुरा, गणपति नाका, लालबाग नागेंद्र सिंह ठाकुर समस्त थानो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 8 सितंबर को भी कर सकेंग बड़ी मूर्तियों का विसर्जन : चिटनिस



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने जिला प्रशासन से आग्रह कर भगवान श्री गणेश की बड़ी और उंची मूर्तियों को विसर्जन.सुरक्षा व्यवस्थाओं को 8 सितंबर सोमवार को भी करने हेतु कहा। क्योंकि इस वर्ष अनंत चतुर्दशी और श्राद्ध पूर्णिमा चंद्रग्रहण के मद्देनजर इन बड़ी गणेश मूर्तियों वाले सार्वजनिक गणेश मंडलों द्वारा यह मांग रखी गई थी। अनंत चतुवर्दशी के अगले दिन पितृ पक्ष की पूर्णिमा है। पितृ पक्ष की पूर्णि के दिन चंद्रग्रहण है जिसका सूतक 12 बजे के लगभग प्रारंभ हो रहा है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि सार्वजनिक गणेश मंडलों द्वारा बताई गई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए श्री गणेश विसर्जन हेतु जिला प्रशासन द्वारा बड़ी मूर्तियों के विसर्जन और सुरक्षा व्यवस्था को 8 सितंबर 2025 सोमवार को भी जारी रखा जाएगा।

## मेक्रो विज़न एकेडमी ने सीबीएसई क्लस्टर ग्रुप . भोपाल रीजन मध्य प्रदेश में इतिहास रचा

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मेक्रो विज़न एकेडमी बुरहानपुर के उत्कृष्ट एथलेटिक्स आगामी 8 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे। जिसको सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के लिए क्लस्टर, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजन आयोजित करता है। इन आयोजनों में विभिन्न आयु वर्गों के लड़कों और लड़कियों के लिए अलग.अलग प्रतियोगिताओं के साथ विभिन्न प्रकार के खेल शामिल होते हैं। मेक्रो विज़न एकेडमी की उत्कृष्टता की परंपरा रही हैऔर इस वर्ष भी, हमारे छात्र और छात्राओं ने हमारी उपलब्धियों में कई उपलब्धियाँ जोड़ी हैं। अपने व्यस्त शैक्षणिक कार्यक्रम के बावजूद, उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और हमारा नाम रोशन किया।

मेक्रो विज़न एकेडमी बुरहानपुर की एथलेटिक गर्ल्स टीम ने इस साल सीबीएसई क्लस्टर ग्रुप. भोपाल रीजन मध्य प्रदेश में इतिहास रच दिया है! जिसमें हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेक्रो विज़न एकेडमी की अंडर.14 गर्ल्स को प्रतिष्ठित एथलीट चैंपियनशिप अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है । यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है जो कड़ी मेहनतए समर्पण और सच्ची खेल भावना को दर्शाती है। रिले दौड़ केवल गति के बारे में नहीं हैए बल्कि टीम भावना और उत्तम समन्वय के बारे में है। और हमारी लड़कियों ने इसे बिल्कुल सही साबित किया! अंडर.19 लड़कियों की रिले टीम आर्य गुप्ता,आस्था मेश्राम, श्रेया सिंह । अंडर.17 गर्ल्स रिले टीम जिसमें पृथ्वी मोरे, इशिता सिंगोरिया, चहेक सोलंकी, दिशाक्षी माहुले, अन्वी तिवारी ने 4–400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक, श्रेया सिंह अंडर.19 3000 मीटर में स्वर्ण. 1500 मीटर में रजत पदक, इशिता सिंगोरिया ,अंडर.17 *3000 मीटर में स्वर्ण , रितिशा गौर ,अंडर.14 * 600 मीटर में रजत पदक, वर्णिका रायखेरे ;अंडर.14* 400 मीटर में स्वर्ण. ऊँची कूद में रजत,सृष्टि पवार ;अंडर.19* 800 मीटर में रजत ,पृथ्वी मोरे ;अंडर.17*800 मीटर में कांस्य. 400 मीटर में कांस्य, आस्था मेश्राम ;अंडर.19*. 200 मीटर में कांस्य। दौड़ से लेकर लंबी दौड़ तक,उन्होंने हमें दिखाया कि अगर आप आगे बढ़ते रहें तो कुछ भी असंभव नहीं है।





फील्ड इवेंट ताकत, एकाग्रता और शक्ति के बारे में हैं। हमारे एथलीटों ने मैदान को जीत के मंच में बदल दिया। जिसमें माधवी चौधरी ;अंडर.19 शॉटपुट में रजत,आस्था सोइन ;अंडर.19 . डिस्कस थ्रो में रजत ,पीहू कंड्या अंडर.14 डिस्कस थ्रो में स्वर्ण, खुशी बिजवे ;अंडर.14 शॉटपुट में रजत पदक जीतकर सभी ने राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। हमारे छात्रों द्वारा जीता गया प्रत्येक पदक केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनकी सफलता हम सभी को प्रेरित करती है कि हम जो भी करें, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

## उत्कृष्ट अध्यन हेतु शिक्षकों का शिक्षक दिवस पर सम्मान



**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणीय संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस पुरे भारत में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी एजनजाग्रति संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव महेंद्र जैन ने कहा की डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिवस को शिक्षको को समर्पित किया था बुरहानपुर की धरा पर जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मूकबधिर अंध विद्यालय के उन आदरणीय शिक्षको का सम्मान किया गया । शिक्षक दिवस के अवसर पर शाला के शिक्षक व् प्राचार्य देविदास चौहान, चन्द्रकांत पाटिल , पंकज शाह, भाग्यश्री वाघमारे ,वर्षा महाजन, प्रमिला महाजन,पुष्पा महाजन एवं स्टाफ नवनीतलाल चौधरी व् अन्य का शाल एवं हार से महेंद्र जैन,जनजाग्रति व् जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल,डॉ फौजिया सोडावाला,सुनील सलूजा के द्वारा सभी शिक्षको का सम्मान किया गया। आभार कैलाश अग्रवाल ने माना।

## खकनार में जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ग्रामीण के नवीन कार्यालय का किया शुभारंभ





**नवभारत न्यूज़,**
**बुरहानपुर।** अनंत चतुर्थी के शुभ अवसर पर खकनार में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बुरहानपुर के नवीन कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष हामिद काजी के कर कमलों किया गया । इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हमीद काजी , रविन्द्र महाजन अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण , रामकिशन पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष, अजय रघुवंशी पूर्व प्रदेश महासचिव, स्नेहील चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष ,किशोर महाजन, प्रकाश सिंह बेस, जगमित सिंह जाली,हेमंत पाटील, भास्कर महाजन, विजय श्रीवास्तव,वसंत पाटिल, विजय गाड़वे , नारायण महाजन, अशोक महाजन,अजय महाजन, निक्कू यादव, विनोद मोरे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, प्रमोद महाजन, वामन शिंदे, जगन लक्ष्मण,भगवत चौधरी, गजानन पाठक और उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ता , सभी युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## शिक्षक दिवस पर सेवासदन शिक्षा समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सेवा सदन शिक्षा समिति के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन श्री रोकडिया हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंहजी ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, सहसचिव के.डी.पटेल एवं मैनेजर श्री मनीष पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा समिति द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं के प्राचार्य सर्वश्री डॉ.एस.एम.शकील,डॉ जगदीश आसखड़के,डॉ.मोहन सोनी, डॉ राहुल राठौर,डॉ.हर्षद दीक्षित एवं प्रो.नेहा चौधरी उपस्थित रहे।

समारोह में शिक्षा समिति द्वारा संचालित सभी संस्थाओं कृ सेवासदन महाविद्यालय, सेवासदन विधि महाविद्यालय,सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय, सेवासदन प्रबंधन महाविद्यालय, सेवासदन हायर सेकेंडरी स्कूल,जीएनटी मोंटेसरी एन्ड प्राइमरी स्कूल के समस्त स्टाफ का स्मृति चिन्ह शॉल, श्रीफ्ल एवं उपहार भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.सुरेंद्र कुमार जैन ने सभी को डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन व योगदान से अवगत कराते हुए शिक्षक दिवस की परंपरा का महत्व समझाया।

इसी क्रम में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.मनीष आनंद भट्ट ने बदलते परिवेश में शिक्षकों की भूमिका को और अधिक सशक्त एवं प्रगतिशील बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सहसचिव के.डी.पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज आने वाली पीढ़ियाँ को संस्कारए शिक्षा और चरित्र में समृद्ध बनाते हैं।

अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंहजी ठाकुर ने संस्था की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वर्गीय ठाकुर वीरेंद्र सिंह का स्वप्न था कि महाविद्यालय में बी.ए.,एलएल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित हो। उन्हीं के सपने को साकार करते हुए इस वर्ष से सेवा सदन विधि महाविद्यालय में यह नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया। शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैंए जिनके प्रयासों से विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य निर्माण होता है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता ओ का भी आयोजन हुवा ओर विजेता प्रतिभागी को उपहार भेट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष पटेल एवं आभार प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील द्वारा व्यक्त किया गया।

**एक नजर**

**33 गांवों के 433 प्रभावित किसानों को फ्सल नुकसानी,केला एवं अन्य फ्सलों के लिए राहत राशि प्रदान**

## प्रदेश में 20 करोड़ में से बुरहानपुर विधानसभा के किसानों को 5 करोड़ से अधिक का मुआवजा : अर्चना चिटनिस



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में मई और जुलाई 2025 को प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के लिए राशि राशि वितरण अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव ने वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 20 करोड़ से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरण किया। यह राहत राशि प्रदेश के 11 जिलों के 17 हजार 500 से अधिक कृषकों को दी गई है। इसमें बुरहानपुर विधानसभा के 33 गांवों के 433 प्रभावित किसानों को फ्सल नुकसानी,केला एवं अन्य फ्सलों के लिए 5 करोड़ 1 लाख 47 हजार 671 रूपए की राहत राशि प्रदान की गई। यह मुआवजा न केवल किसानों की अगली फ्सल की तैयारी में सहारा बनेगा बल्कि यह भाजपा सरकार की किसान.हितैषी सोच का प्रतीक भी है।

अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर जिले के 38 ग्रामों के 456 प्रभावित किसानों के खातें में 5 करोड़ 21 लाख 84 हजार 571 रूपए फ्सल नुकसानी ;केला एवं अन्य फ्सलोंद्ध राहत राशि का अंतरण किया गया है। इसमें बुरहानपुर विधानसभा के 33 ग्रामों के 433 किसानों के खातें में 5 करोड़ 1 लाख 47 हजार 671 रूपए तथा नेपानगर विधानसभा के 5 ग्रामों के 23 किसानों के खातें में 20 लाख 36 हजार 900 रूपए की राशि वितरित की गई। बुरहानपुर के एनआईसी कक्ष में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवार, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, किशोर शाह,आदित्य प्रजापति एवं मनोज टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित थे।

श्रीमती चिटनिस ने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने किसानों का दर्द समझा और उन्हें राहत राशि प्रदान की। प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता राशि जारी होने से किसान काफी खुश है। श्रीमती चिटनिस ने उन सभी जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्य को समय पर पूरा किया।

ज्ञात हो कि बुरहानपुर जिले में 27 मई और 29 जुलाई 2025 में अंधड़, आंधी,तूफान से नुकसान हुआ था। जिसके बाद विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने प्रभावित क्षेत्रों एवं खेतों में जाकर किसानों के हालचाल जाने थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था और शीघ्रता.शीघ्र प्रभावित क्षेत्रों में नुकसानी का सर्वे कर मुआवजा दिए जाने की मांग रखी थी। आंधी से बनी परिस्थिति से बुरहानपुर के किसानों के हालात चिंताजनक थे।

**वर्ष 2024 में 65 करोड़ का मुआवजा किया था वितरित:**– श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मई.जून वर्ष 2024 में भी बुरहानपुर जिले में अंधड़,आंधी.तूफान से प्रभावित केला फसल को जुलाई 2024 में लगभग 65 करोड़ रूपए का मुआवजा वितरित किया गया था। चिटनिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गांव, गरीब और किसानों की चिंता की है। कृषि कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। केन्द्र और राज्य सरकार ने जो कहा वह किया है। पूर्व सरकार और वर्तमान सरकार के कार्यों में जमीन.आसमान का अंतर है।

**मई.जुलाई 2025 को बुरहानपुर में आई थी प्राकृतिक आपदा:**– चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर जिले में माह मई.जुलाई 2025 में आयी आंधी तूफान के चलते केला फसल को काफी नुकसान हुआ था। इस दौरान तत्काल सर्वे दल का गठन कर फ्सल नुकसानी का सर्वे कार्य किया गया तथा आरबीसी 6.4 के तहत फ्सल नुकसानी के प्रकरण तैयार करते हुए शासन स्तर पर प्रकरणों को प्रेषित करने की कार्यवाही की गई। जिसके फलस्वरूप प्रभावित किसानों के खातो में राशि का वितरण किया जा सका।

चिटनिस ने कहा किए दिन.रात मेहनत करने के बाद प्राकृतिक आपदा से फ्सल बर्बाद हो जाए,तो ऐसे में किसान के दर्द का अंदाजा कोई और नहीं लगा सकता है। संकट की इस घड़ी में,भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा किसानों के साथ रहती है।

केले की फ्सल की 50 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से राहत राशि दी जा रही है। हमने केला फ्सल की हानि पर अधिकतम दी जाने वाली राशि की सीमा को रूपए 3 लाख से बढ़ाकर रूपए 6 लाख किया है। यह किसानों की सरकार है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा किसानों की चिंता की है। किसानों पर जब भी संकट आया, भाजपा की सरकार किसानों के संकट में उनके साथ खड़े रहती है।